प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 10 सितम्बर 2024

(1) **माननीय राज्यपाल ने आज साहेबगंज जिलान्तर्गत शिबु सोरेन कॉलेज, बिचपुरा के ऑडिटोरियम में ग्रामीणों के साथ संवाद किया।**

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज साहेबगंज जिलान्तर्गत शिबु सोरेन कॉलेज, बिचपुरा के ऑडिटोरियम में ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए कहा कि हाल ही में उन्होंने इस राज्य में नई जिम्मेदारी संभाली है। राज्य के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों को समझने और वहाँ के लोगों से संवाद करना आवश्यक है। इस संवाद से यह ज्ञात होता है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का कार्यान्वयन किस प्रकार हो रहा है। इसके साथ ही, संवाद के माध्यम से लोगों की समस्याओं और सुझावों को भी जानने का अवसर मिलता है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि देश को आजादी मिले लंबे समय हो गए हैं और अब भी यह देखना महत्वपूर्ण है कि क्या सभी को सरकार द्वारा पर्याप्त सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने सरकार की प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कई परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए हैं। दूषित जल से होने वाली बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की समस्या अधिक गंभीर है और इसके समाधान के लिए सरकार जल जीवन मिशन के तहत निरंतर प्रयास कर रही है।

राज्यपाल महोदय ने बताया कि आवास योजनाओं के लिए सरकार के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं और आवास निर्माण का कार्य भी तेजी से हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, और इस योजना से लाभान्वित लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके अलावा, उन्होंने दिव्यांग और वृद्धा पेंशन योजनाओं के

तहत लाभ प्राप्त करने की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली।

राज्यपाल महोदय के समक्ष स्वंय सहायता समूह की एक सदस्य ने बताया कि उनके समूह में लगभग 300 महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो खेती के साथ-साथ विभिन्न अन्य कार्यों में संलग्न हैं। इन समूहों की महिलाएं किराना दुकान, शृंगार सामग्री, पत्तल और पापड़ बनाने, मल्टीग्रेन आटा, अचार बनाने, और सिलाई जैसे कार्यों से प्रतिमाह लगभग 10,000 रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। राज्यपाल ने इन महिलाओं के आत्मनिर्भरता के प्रयासों की सराहना की और कहा कि वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते हुए समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। समूह की एक और सदस्य ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ भी लोगों को मिल रहा है, और बैंक से फर्स्ट और सेकंड लिंकेज के तहत भी सहायता प्राप्त हो रही है। एक अन्य व्यक्ति ने पहाड़िया जनजातियों के लिए चल रही मशरूम योजना के सफल होने की जानकारी दी और बताया कि रिटेल आउटलेट के

माध्यम से लोगों को इसका और अधिक लाभ मिलने की संभावना है।

राज्यपाल महोदय द्वारा विभिन्न लाभुकों के मध्य परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि जनमानस के विकास के सभी आवश्यक प्रयास किये जायेंगे।

(2) माननीय राज्यपाल साहेबगंज जिला के बरहेट स्थित पंचकठिया में वीर शहीद सिदो कान्हू की स्मृति में निर्मित क्रांति स्थल पर जाकर हूल क्रांति के अमर महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज साहेबगंज जिला के बरहेट स्थित पंचकठिया में वीर शहीद सिदो कान्हू की स्मृति में निर्मित क्रांति स्थल पर जाकर हूल क्रांति के अमर महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सिदो-कान्हू की वीरता और साहस हमारे देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।

(3) राज्यपाल महोदय ने हूल क्रान्ति के अमर महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके वंशजों से भेंट की।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज सिदो कान्हू मुर्मू पार्क, भोगनाडीह, बरहेट, साहेबगंज में अमर शहीद सिदो- कान्हू, चाँद-भैरव और फूलो-झानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने शहीदों के वंशजों से भेंट की।

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज पाकुड़ जिला के लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड स्थित सोनाधनी पंचायत में ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए कहा कि वे यहाँ पर सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन पर लोगों की प्रतिक्रिया और सुझाव प्राप्त करने आए हैं। उन्होंने बताया कि पहले योजनाओं के लिए आवंटित धन का केवल एक छोटा हिस्सा ही जनता तक पहुँचता था, लेकिन आज की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी इस बात पर विशेष ध्यान देते हैं कि योजनाओं का 100% लाभ लोगों तक पहुँचे।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है और हर घर नल योजना के माध्यम से सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार सतत प्रयासरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण आवास दिए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क इलाज उपलब्ध है। साथ ही, स्वंय सहायता समूह के माध्यम से

महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। आज गाँव-गाँव तक बिजली पहुँच गई है।

राज्यपाल महोदय ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। ग्रामीणों ने इंटर तक के लिए आवासीय स्कूल की मांग की, सिंचाई की समस्याओं का समाधान करने और सड़कों के निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल जाने के लिए सड़क के निर्माण से बच्चों को सुविधा होगी। विद्यार्थियों ने आदिम जनजाति के छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रखंड स्तर पर पठन-पाठन की व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया।

उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने आदिम जनजातियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।